प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र का आज सातवां दिन, बजट के आय–व्यय पर होगी चर्चा, सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक के आसार। ।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केन्द्र को दी चेतावनी– बकाया एक लाख छतीस हजार करोड़ नहीं मिले तो झारखंड के खदानों से रोक देंगे कोयले की ढुलाई, भाजपा ने किया पलटवार।
3. पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के पुराने बंकर को किया ध्वस्त, भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद।
4. जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई की अदालत ने सात आरोपियों की जमानत याचिका खारिज की।

और

5. चैंपियनंस ट्राफी में भारत ने आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में बनायी जगह, रांची में भी मना देश की जीत का जश्न। ।

***********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज सातवां दिन है। आज की कार्यसूची में बजट के आय–व्यय पर चर्चा शामिल है। बजट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के आसार हैं। सत्ता पक्ष जहां बजट को समावेशी विकास का प्रतीक बता रहा है, वहीं विपक्ष बजट को निराशाजनक मान रहा है।

***********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर केंद्र सरकार को चेतावनी दी है। गिरिडीह के झंडा मैदान में झामुमो के 52वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि केन्द्र सरकार से बकाया एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये नहीं मिले तो झारखंड के खदानों से कोयले की ढुलाई बंद कर दी जायेगी। उन्होंने इस मामले में कानून का सहारा लेने की भी बात कही।

***********************

इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि सरकार केन्द्र पर बकाये को लेकर केवल राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को दिग्भ्रमित करने के बजाय अगर सरकार सूत्र पकड़ कर पैसे लेने की बात करे तो हम भी सहयोग करने को तैयार हैं।

***********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के एक पुराने डंप को ध्वस्त कर दिया है। यहां से सुरक्षा बलों को एक देशी पिस्टल, दो कार्बाइन, एक रायफल, दस किलो का आईईडी, 58 डेटोनेटर समेत अन्य सामान मिले हैं। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से विस्फोटक और हथियार छिपाकर रखे थे।

***********************

जामताड़ा जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र के मदनाडीह गांव स्थित बुढ़ा बुढी थान के समीप से साइबर अपराध में लिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ आनंद कुमार लागुरी ने बताया कि इन अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

***********************

दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया, नई दिल्ली की ओर से आयोजित होनेवाली सीए इंटर की परीक्षा में रांची सेंटर से सृष्टि कुमारी टॉपर रहीं। रांची परीक्षा केंद्र से कुल 600 में से 460 अंक प्राप्त कर सृष्टि कुमारी ने प्रथम, 408 अंक प्राप्त कर प्रीति अग्रवाल ने द्वितीय, 391 अंक प्राप्त कर प्रतीक कुमार सराफ ने तीसरा, 390 अंक प्राप्त कर आयुष कुमार चौथा और 376 अंक प्राप्त कर निहारिका शर्मा ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

***********************

जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले में चार्जशीटेड जमशेदपुर के डीआरडीए के निदेशक संतोष कुमार गर्ग समेत 7 आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से अदालत ने इंकार कर दिया है। आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने खारिज कर दिया। अदालत ने पिछले दिनों याचिकाकर्ताओं की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

***********************

साहिबगंज के किसानों को केसीसी ऋण की सहायता से कृषि कार्य में काफी सहयोग मिल रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***********************

- प्रदेश भाजपा की ओर से अटल जन्म शताब्दी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी छह से 13 मार्च तक सभी सांगठनिक जिलों में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन होगा।
- खूंटी जिले की रनिया थाना की पुलिस ने उसराम गांव के पास एक बुजुर्ग का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान उसराम गांव निवासी रंथु सिंह के रूप में की गई है।
- देवघर जिला अंतर्गत राजकीय पोलिटेक्निक कॉलेज निर्माण के लिए मोहनपुर अंचल चिगुरायडीह में 20 एकड़ भूमि चिन्हित की गयी है। उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि यहां कॉलेज खुलने से स्थानीय विद्यार्थियों को काफी लाभ होगा।

***********************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में एक दो दिनों में अधिकतम तापमान में गिरावट की आ सकती है। इस दौरान दिन में आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि आज सूर्यास्त पांच बजकर चौवन मिनट पर होगा।

***********************

भारतीय टीम चौंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। दुबई में खेले गए पहले सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

***********************

दुबई में खेले गए चौंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमिफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया पर टीम इंडिया की शानदार जीत का रांची में भी जश्न मना। मैच खत्म होते ही हाथ में तिरंगा लिए शहर के हर हिस्से से समर्थक अलबर्ट एक्का चौक पर जुटे। इनमें महिलाएं और युवतियां भी शामिल थीं। क्रिकेट प्रेमियों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाई दी और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया।

***********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने भारत के चौंपियंस ट्राफी के फाइनल में पहुंचने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– छा गये छावा, आस्ट्रेलिया का तोड़ा गुरुर, भारत फाइनल में।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– एक लाख के नाम कटे, 12 लाख होल्ड पर, 37 दशमलव 55 लाख के खाते में आठ से जायेंगे पैसे।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– आंतकी नेटवर्क पर प्रहार, दिल्ली से अयोध्या तक छापे।

दैनिक जागरण ने लिखा है– 26 हजार एक सहायक आचार्य की होगी नियुक्ति।

**********समाप्त************